# विश्व में दुग्ध उत्पादन में अग्रणी देशो के
# नाम और उनका स्थान

**विश्व में दूध (दुग्ध) उद्योग:**

दुग्ध कृषि या डेरी उद्योग या दुग्ध उद्योग, कृषि की एक श्रेणी है। यह पशुपालन से जुड़ा एक बहुत लोकप्रिय उद्यम है जिसके अंतर्गत दुग्ध उत्पादन, उसकी प्रोसेसिंग और खुदरा बिक्री के लिए किए जाने वाले कार्य आते हैं। इसके वास्ते गाय-भैंसों, बकरियों या कुछेक अन्य प्रकार के पशुधन के विकास का भी काम किया जाता है। अधिकतर डेरी-फार्म अपनी गायों के बछड़ों का, गैर-दुग्ध उत्पादक पशुधन का पालन पोषण करने की बजाए सामान्यतः उन्हें मांस के उत्पादन हेतु विक्रय कर देते हैं। डेरी फार्मिंग के अंतर्गत दूध देने वाले मवेशियों का प्रजनन तथा देखभाल, दूध की खरीद और इसकी विभिन्न डेरी उत्पादों के रूप में प्रोसेसिंग आदि कार्य सम्मिलित हैं।

**विश्व में दुग्ध उत्पादन में अग्रणी देशो की सूची:-**

| **स्थान** | **देश का नाम** | **उत्पादन (109kg/y)** |
|---|---|---|
| 1 | भारत | 114.4 |
| 2 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 79.3 |
| 3 | पाकिस्तान | 35.2 |
| 4 | चीन | 32.5 |
| 5 | जर्मनी | 28.5 |
| 6 | रूस | 28.5 |
| 7 | ब्राज़ील | 26.2 |
| 8 | फ्रांस | 24.2 |
| 9 | न्यूजीलैंड | 17.3 |
| 10 | यूनाइटेड किंगडम | 13.9 |
| 11 | यूक्रेन | 12.2 |
| 12 | पोलैंड | 12 |
| 13 | नीदरलैंड्स | 11.5 |
| 14 | इटली | 11 |
| 15 | तुर्की | 10.6 |
| 16 | मेक्सिको | 10.2 |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | ऑस्ट्रेलिया | 9.6 |
| 18 | मिस्र | 8.7 |
| 19 | अर्जेंटीना | 8.5 |
| 20 | कनाडा | 8.1 |

**भारत का दुग्ध उद्योग:**

भारत गांवों में बसता है। हमारी ७२ प्रतिशत से अधिक जनसंख्या ग्रामीण है तथा ६० प्रतिशत लोग कृषि व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। करीब ७ करोड़ कृषक परिवार में प्रत्येक दो ग्रामीण घरों में से एक डेरी उद्योग से जुड़े हैं। भारतीय दुग्ध उत्पादन से जुड़े महत्वपूर्ण सांख्यिकी आंकड़ों के अनुसार देश में ७० प्रतिशत दूध की आपूर्ति छोटे/ सीमांत/ भूमिहीन किसानों से होती है। भारत में कृषि भूमि की अपेक्षा गायों का ज्यादा समानता पूर्वक वितरण है। भारत की ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में डेरी-उद्योग की प्रमुख भूमिका है।

देश में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में इसे मान्यता दी गई है। कृषि और डेरी-फार्मिंग के बीच एक परस्पर निर्भरता वाला संबंध है। कृषि उत्पादों से मवेशियों के लिए भोजन और चारा उपलब्ध होता है जबकि मवेशी पोषण सुरक्षा माल उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के दुग्ध उत्पादों दूध, घी, मक्खन, पनीर, संघनित दूध, दूध का पाउडर, दही आदि का उत्पादन करता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत का अपना विशेष स्थान है और यह विश्व में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक और दुग्ध उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।